

# न्यूजीलैंड की शानदार जीत से सीरीज में बढ़त

## लैथम के नाबाद अर्धशतक से दक्षिण अफ्रीका पर आसान जीत




- कॉनवे-लैथम ने रखी मजबूत नींव
- गेंदबाजों ने अफ्रीका को 136 पर रोका

**ऑकलैंड,** 20 मार्च **, न्यूजीलैंड ने तीसरे** टी-20 **मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली.**

पहले गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से अफ्रीकी बल्लेबाजों को बांधकर रखा और फिर कप्तानी पारी खेलते हुए टॉम लैथम ने नाबाद अर्धशतक जड़कर टीम को आसान जीत दिला दी. 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने महज 16.2 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया, जिससे मुकाबला एकतरफा नजर आया. इस जीत के सबसे बड़े नायक टॉम लैथम रहे, जिन्होंने 55 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 63 रन बनाए. उनकी यह पारी न सिर्फ मैच जिताऊ रही, बल्कि उन्होंने पूरी पारी के दौरान धैर्य और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन भी दिखाया. लैथम को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया. खास बात यह रही कि उन्हें 27 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद मजबूत रही. सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और टॉम लैथम ने पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर मैच का रुख शुरुआत में ही तय कर दिया. दोनों बल्लेबाजों ने अफ्रीकी गेंदबाजों को किसी भी तरह की वापसी का मौका नहीं दिया. कॉनवे ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रनों की तेज पारी खेली. उनकी इस पारी ने रन रेट को लगातार ऊंचा बनाए रखा और टीम पर दबाव नहीं आने दिया.

11वें ओवर में केशव महाराज ने कॉनवे को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा, लेकिन तब तक न्यूजीलैंड जीत की दहलीज पर पहुंच चुका था. इसके बाद टिम रॉबिन्सन 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिन्हें लुथो सिपामला ने पगबाधा आउट किया. हालांकि, इन दो विकेटों के गिरने के बावजूद मैच का नतीजा तय हो चुका था. लैथम ने अंत तक क्रीज पर टिके रहकर टीम को जीत दिलाई और शानदार फिनिश दिया.

इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ. अफ्रीकी बल्लेबाज शुरुआत से ही संघर्ष करते नजर आए और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे. टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 136 रन ही बना सकी, जो इस पिच पर चुनौतीपूर्ण स्कोर नहीं था.

> मैच की एक अहम बात यह भी रही कि डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के लिए यह इस सीरीज का आखिरी मुकाबला था. आगामी दो मैचों के लिए इन खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा, जिससे टीम संयोजन में बदलाव देखने को मिल सकता है. ऐसे में न्यूजीलैंड के लिए यह जीत और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि आगे की चुनौती नए संयोजन के साथ होगी. न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले में हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन किया. गेंदबाजी में सटीकता, बल्लेबाजी में मजबूती और फील्डिंग में चुस्ती— तीनों ही क्षेत्रों में टीम ने दक्षिण अफ्रीका पर पूरी तरह दबदबा बनाया. इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में बढ़त तो बनाई ही, साथ ही मनोवैज्ञानिक रूप से भी बढ़त हासिल कर ली है.

## अनाहत सिंह और अभय सिंह क्वार्टरफाइनल में

**मुम्बई.** भारत की अनाहत सिंह, अभय सिंह और जोशना चिनप्पा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है. सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में मौजूदा महिला चैंपियन और टॉप सीड अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा वालिद को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई. 17 साल की इस भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और 3-0 से मैच जीत लिया. वहीं तन्वी खन्ना ने मिस्र की नूर खफागी के खिलाफ शांत और आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन करके सबको प्रभावित किया. जहां खफागी ने हर गेम में जोरदार टक्कर दी, वहीं खन्ना ने अहम मौकों पर अपना संयम बनाए रखा और 3-0 से जीत हासिल की. अनुभवी खिलाड़ी और पांचवीं सीड जोशना चिनप्पा भी आयरलैंड की ब्रीएन फ्लिन को 3-1 से हराकर अगले दौर में पहुंच गईं.

### एक नजर में




## खालसा, श्याम लाल और डीयू एलुमना जीते

**नयी दिल्ली.** श्याम लाल कॉलेज, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना टीम ने पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के चौथे दिन जीत दर्ज की. पुरुष वर्ग में श्याम लाल कॉलेज ने जीत के सिलसिले को जारी रखते हुए हंसराज कॉलेज को 3-1 से मात दी. प्रत्युष सिंह जग्गी, हर्ष और मनमोहन ने एक-एक गोल किया. हर्ष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने किरोड़ी मल कॉलेज को 2-1 से हराया. खालसा कॉलेज के लिए रुशिल और विपिन ने गोल किए. किरोड़ी मल कॉलेज के लिए सहान सिंह ने गोल किया.



## कजाकिस्तान की मेजबानी कर रहा है हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली.** हॉकी इंडिया ने कज़ाकिस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया. यह टीम अभी भारत में है और 10 से 21 मार्च, 2026 तक हरियाणा के सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में एक हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा ले रही है. यह कैंप आने वाले एशियन गेम्स क्वालिफायर्स 2026 की तैयारियों का हिस्सा है. भारत के सबसे बेहतरीन हॉकी ट्रेनिंग केंद्रों में से एक में आयोजित यह कैंप, विश्व-स्तरीय सिंथेटिक टर्फ, आधुनिक कंडीशनिंग सुविधाएँ और एक बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान करता है. यह कज़ाकिस्तान को एक अहम कॉन्टिनेंटल मुकाबले से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाने के लिए एक आदर्श मंच देता है.

## भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर सबसे आगे

**गोल्ड कोस्ट.** पार-71 सैंक्चुअरी कोव गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हो रही ऑस्ट्रेलियन डब्ल्यूपीजीए चैंपियनशिप के पहले राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर सबसे आगे रहीं. उन्होंने 4-अंडर 67 का मजबूत शुरुआती राउंड खेला और लीडरबोर्ड पर संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर रहीं. वह लीडर केल्सी मैकडॉनल्ड (64) से चार शॉट पीछे हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती राउंड के साथ एक नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया है. हिताशी बख्शी का शुरुआती राउंड भी काफ़ी अच्छा रहा; उन्होंने 2-अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपने हफ़्ते की शुरुआत की. इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (72) और वाणी कपूर (73) हैं, जिनके लिए हफ़्ते की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही.





## आईपीएल 2026 से बाहर हो सकते हैं नेथन एलिस

**चेन्नई.** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नेथन एलिस, आईपीएल 2026 से बाहर हो सकते हैं. 11 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के घरेलू वनडे कप फ़ाइनल में उनकी पुरानी हैमस्ट्रिंग चोट फिर से उभर गई थी. 31 वर्षीय एलिस को पिछली आईपीएल नीलामी से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 2 करोड़ रूपये में रिटेन किया था. हालांकि उन्होंने 2025 में उनके लिए सिर्फ़ एक मैच खेला. कुल मिलाकर, उन्होंने 17 आईपीएल मैच खेले हैं, जिनमें से 16 मैच 2021 से 2024 के बीच पंजाब किंग्स के लिए आए हैं. सीएसके ने अभी तक एलिस को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है. एलिस तस्मानिया के कप्तान हैं और उन्होंने होबार्ट में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित वनडे कप फ़ाइनल में पांच ओवर डाले थे. उन्होंने इस मैच में 26 रन देकर 2 विकेट लिए थे और माना जा रहा है कि इसी दौरान उनकी पुरानी चोट फिर से उभरी.




# मियामी में अल्काराज से भिड़ेंगे फोन्सेका

## मियामी ओपन में ब्राजीलियाई युवा ने दर्ज की शानदार जीत



**मियामी,** 20 मार्च. **मियामी ओपन में युवा प्रतिभाओं का जलवा जारी है और इसी कड़ी में ब्राजील के 19 वर्षीय जोआओ फोन्सेका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली है.**

अब उनका सामना विश्व नंबर-1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से होगा, जिससे यह मुकाबला टूर्नामेंट के सबसे रोमांचक मैचों में से एक बनने की पूरी संभावना है. फोन्सेका ने पहले दौर में फैबियन मारोज़सान को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में हराकर यह उपलब्धि हासिल की. फोन्सेका ने एक घंटे 50 मिनट तक चले इस मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-2 से जीत दर्ज की.



### फ्रांसेस्का जोन्स ने टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की

ब्रिटेन की फ्रांसेस्का जोन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की. ग्रैंडस्टैंड कोर्ट पर गुरुवार रात एक घंटा 51 मिनट तक चले मुकाबले में 25 वर्षीय गैर-वरीयता प्राप्त फ्रांसेस्का ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और टूर्नामेंट की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी वीनस विलियम्स की जोरदार चुनौती को पार करते हुए, पहले दौर का यह मुकाबला सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से जीत लिया.




## चोट की आशंका : आईपीएल से करन का बाहर होना तय

**जयपुर,** 20 मार्च. **आईपीएल** 2026 **की शुरुआत से पहले ही राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को बड़ा झटका लगा है क्योंकि ग्रोइन में चोट की आशंका के चलते सैम करन का पूरे आईपीएल सीजन से बाहर होना तय माना जा रहा है.**

करन ने पिछला मुक़ाबला 5 मार्च 2026 को भारत के ख़िलाफ टी20 विश्व कप 2026 का सेमीफ़ाइनल खेला था, जिसमें इंग्लैंड को हार मिली थी. पिछले साल नवंबर में सीएसके से आरआर ने करन को ट्रेड के ज़रिए अपने दल में शामिल किया था और वह पहली बार इस फ्रेंचाइजी के लिए खेलने वाले थे.

# आईपीएल के शुरुआती हिस्से से बाहर फर्ग्यूसन

**ऑकलैंड,** 20 मार्च **न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन आईपीएल** 2026 **के शुरुआती चरणों में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे. फर्ग्यूसन, जो हाल ही में पिता बने हैं, टूर्नामेंट के दूसरे हाफ़ में पंजाब किंग्स से जुड़ने और सर्दियों के दौरों के लिए 'ब्लैक कैप्स' (न्यूज़ीलैंड टीम) के साथ खेलने से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देंगे.**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 से पहले ऑकलैंड में फर्ग्यूसन ने कहा, 'अभी-अभी मेरा एक छोटा बेटा हुआ है, मैं घर पर जितना हो सके उतना समय बिताने और अपनी पत्नी की मदद करने की कोशिश कर रहा हूँ.इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का आराम मिलेगा, जिसके बाद मैं आईपीएल के बाद के चरणों में खेलने और सर्दियों के दौरों के लिए बाहर जाऊँगा.'




'ब्लैक कैप्स के लिए खेलना हमेशा खुशी की बात होती है; मुझे भारत में टीम के साथ बिताया गया समय बहुत पसंद आया, हालाँकि यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि सीजन की शुरुआत में मुझे चोटों का सामना करना पड़ा. मैं सच में अपने देश में क्रिकेट खेलना चाहता था और अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है.'

भारत और श्रीलंका में हुए 2026 टी20 विश्व कप के दौरान फर्ग्यूसन ने कुछ दिनों की 'पैटर्निटी लीव' (पिता बनने पर मिलने वाली छुट्टी) ली थी, लेकिन 'सुपर-8' चरण के लिए न्यूज़ीलैंड टीम में दोबारा शामिल होने से पहले वह अपने परिवार के साथ सिर्फ़ चार दिन ही बिता पाए थे. अहमदाबाद में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के फ़ाइनल के नौ दिन बाद, फर्ग्यूसन हैमिल्टन पहुँचे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज बराबर करने वाली न्यूज़ीलैंड की जीत में 16 रन देकर 3 विकेट लिए.



## फिलीपींस, उत्तर कोरिया महिला विश्व कप में

**सिडनी,** 20 मार्च **फिलीपींस और उत्तर कोरिया ने गुरुवार को गोल्ड कोस्ट स्टेडियम में अपने-अपने महिला एशिया कप प्लेऑफ मैचों में जीत दर्ज करके** 2027 **फीफा महिला विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफिकेशन की जगह पक्की कर ली.**

एंजेला बियर्ड और जैकलिन साविकी ने हाफ-टाइम के ठीक बाद गोल करके फिलीपींस को उज्बेकिस्तान पर 2-0 से जीत दिलाई. फिलीपींस, जो 2022 एशिया कप के सेमीफाइनल तक पहुंचा था, के लिए बियर्ड ने मैच दोबारा शुरू होने के कुछ ही देर बाद पहला गोल किया, जिसके बाद साविकी ने हेडर से दूसरा गोल दागा.

फिलीपींस ने पहले हाफ में दबदबा बनाने के बावजूद कई सुनहरे मौके गंवा दिए थे, जबकि उज्बेकिस्तान अपने सीमित मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहा; उसने फिलीपींस के 17 शॉट्स के मुकाबले सिर्फ पांच शॉट ही लगाए.

दूसरे प्लेऑफ मैच में, हांग सोंग-ओक ने हैट्रिक बनाई और किम क्योंग-योंग ने चौथा गोल करके उत्तर कोरिया को चीनी ताइपे पर 4-0 से जीत दिलाई.

**अव्यवस्था** इंग्लैंड में नया कानून लागू, पांच साल का बैन और भारी जुर्माना

# बिना टिकट स्टेडियम घुसना अब आपराधिक अपराध

**लंदन,** 20 मार्च. **इंग्लैंड और वेल्स में फुटबॉल मैच के दौरान बिना टिकट स्टेडियम में घुसना अब एक आपराधिक अपराध माना जाएगा. सरकार ने यह सख्त कदम वेम्बली स्टेडियम में हुए यूरो** 2020 **फाइनल के दौरान हुई अव्यवस्था और सुरक्षा खामियों को ध्यान में रखते हुए उठाया है.**

नए कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति बिना टिकट मैच में प्रवेश करने की कोशिश करता है या टेलगेटिंग के जरिए अंदर घुसता है, तो उसे पांच साल तक के फुटबॉल बैन और 1000 पाउंड तक के जुर्माने का सामना करना पड़ेगा. यह नया नियम रविवार को होने वाले काराबाओ कप फाइनल से पहले लागू किया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था या सुरक्षा जोखिम को रोका जा सके. अधिकारियों का मानना है कि इससे न केवल स्टेडियम की सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि उन दर्शकों के साथ भी न्याय होगा जो टिकट खरीदकर मैच देखने आते हैं.




दरअसल, जुलाई 2021 में वेम्बली स्टेडियम में हुए यूरो 2020 फाइनल के दौरान हजारों की संख्या में बिना टिकट प्रशंसक जबरन स्टेडियम में घुस गए थे. उस दौरान हालात इतने बिगड़ गए थे कि कई बार भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोगों की जान खतरे में पड़ गई. इस घटना की जांच के लिए बनाई गई स्वतंत्र समीक्षा समिति की अध्यक्ष बैरोनेस लुईस केसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि उस दिन 20 से ज्यादा ऐसे मौके आए, जब बड़ा हादसा हो सकता था. रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि उस समय मौजूद कानून इतने सख्त नहीं थे कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके. खासकर टेलगेटिंग—जिसमें लोग टिकटधारकों के पीछे-पीछे स्टेडियम के गेट से अंदर घुस जाते हैं—को लेकर कोई स्पष्ट आपराधिक प्रावधान नहीं था. इसी कमी को दूर करने के लिए सरकार ने 'अनऑथराइज्ड एंट्री टू फुटबॉल मैचेज एक्ट' लागू किया है.

> विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम सिर्फ इंग्लैंड ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के खेल आयोजनों के लिए एक उदाहरण बन सकता है. बड़े खेल आयोजनों में सुरक्षा हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है, और ऐसे कानून इसे मजबूत करने में मदद कर सकते हैं. सरकार का यह फैसला खेल आयोजनों को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है. अब देखना होगा कि आने वाले मैचों में इस कानून का कितना प्रभाव पड़ता है और क्या यह वास्तव में बिना टिकट घुसने की घटनाओं पर पूरी तरह लगाम लगा पाता है.

इस नए कानून के तहत अब न केवल बिना टिकट घुसना अपराध होगा, बल्कि फर्जी टिकट, पास या पहचान पत्र का इस्तेमाल करके मैच में प्रवेश करने की कोशिश भी गैरकानूनी मानी जाएगी. इसके अलावा, कोई व्यक्ति अगर स्टेडियम स्टाफ या खिलाड़ी बनकर अंदर घुसने की कोशिश करता है, तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी. ब्रिटेन की पुलिसिंग मंत्री सारा जोन्स ने इस कानून को लेकर कहा कि यह पुलिस के लिए एक मजबूत हथियार साबित होगा. उनके मुताबिक, यह कानून उन लोगों को रोकने में मदद करेगा जो बिना टिकट अंदर घुसकर न केवल नियमों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि अन्य दर्शकों की सुरक्षा को भी खतरे में डालते हैं.